भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4139
जिसका उत्तर मंगलवार 20 मार्च, 2018 को दिया जाना है

नौगांव पेपर मिल का पुनरुद्धार

4139. श्री कामाख्या प्रसाद तासा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या असम के जागीरोड में नौगांव पेपर मिल बंद पड़ी है जिसके कारण मिल कामगारों और बांस किसानों की आजीविका समान रूप से प्रभावित हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस क्षेत्र के लोगों ने मिल को दोबारा खोलने/पुनरुद्धार हेतु आन्दोलन किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या राज्य सरकार से मिल के पुनरुद्धार हेतु पैकेज देने का एक निवेदन प्राप्त हुआ है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) मिल के पुनरुद्धार हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं और इसके कब तक पुन: कार्यरत होने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): नौगांव पेपर मिल जो हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन की यूनिटों में से एक है, कार्यकारी पूंजी के अभाव के कारण बंद है।

(ग): कर्मचारियों की कुछ युनियनों और संघों द्वारा कुछ विरोध प्रदर्शन किए गए थे। सरकार कंपनी के पुनरुद्धार हेतु प्रस्ताव पर अनुकूल रूप से विचार कर रही है।

(घ) और (ङ): एचपीसी के पुनरुद्धार हेतु प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए असम सरकार से एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। एचपीसी के पुनरुद्धार हेतु एक प्रस्ताव पर भारी उद्योग विभाग द्वारा विचार किया जा रहा है।

****